अमर उजाला 23/10/2024

# विद्यार्थियों को किया शिक्षित

विद्यार्थियों के साथ मौजूद जीएमएन कॉलेज के छात्र। संवाद

**अंबाला।** छावनी के जीएमएन के राजनीतिज्ञ विज्ञान विभाग एवं एनएसएस की यूनिट द्वारा गांव खुडा कलां में ग्रामीण विद्यार्थियों को शिक्षित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान गांव के विद्यार्थियों को उचित और सुगम तरीके से ज्ञान प्रदान किया।

गांव की सरपंच सरला देवी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि शिक्षा केवल शब्दों का ज्ञान नहीं है बल्कि यह एक व्यापक अवधारणा है जो अच्छे और बुरे में अंतर का विवेक उत्पन्न करती है। इससे समाज में एकरूपता, चरित्र निर्माण, नैतिकता और शिष्टाचार का उद्भव होता है।

इस अवसर पर डॉ नैन ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वह समय निकालें कर अपने आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को शिक्षा प्रदान करें, जिससे एक तो ग्रामीण बच्चों का विकास होगा और साथ ही एक सभ्य समाज की स्थापना में आप अपनी सहयोगिता स्थापित कर सकें। इस अवसर पर डॉ राकेश कुमार, डॉ. सरोज बाला, प्रो.लवप्रीत सिंह मौजूद रहे। संवाद